निबंधन एवं शर्तें

तकनीकी अधिकारी (ड्रग्स एवं लॉजिस्टिक्स)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उत्तरदायित्व:

1. कार्यक्रम ड्रग्स एवं लॉजिस्टिक्स के विनिर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं के डेटाबेस का रखरखाव करना तथा उसे अद्यतन करना।
2. प्रतिस्पर्धात्मक बोलियों, दर सूचियों, प्रत्यक्ष खरीदारी अथवा मामला दर मामला आधार पर प्रत्यक्ष खरीदारी के लिए आमंत्रण सहित राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर अधिप्राप्ति के लिए दस्तावेज तैयार करना।
3. अधिप्राप्ति पूर्व एवं उसके पश्चात् गुणवत्ता का मूल्यांकन करने में सीटीडी की सहायता करना।
4. केंद्रीय स्तर पर एनटीईपी अधिप्राप्ति के संबंध में रिपोर्ट तैयार करना।
5. राज्यों से प्राप्त होने वाली आवधिक अधिप्राप्ति रिपोर्टों का पता लगाना तथा उसकी समीक्षा करना और फीडबैक उपलब्ध कराना। राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं के आधार पर राज्य स्तर पर होने वाली अधिप्राप्तियों पर निगरानी रखना तथा उनका मूल्यांकन करना।
6. संबंधित आंकड़ा प्रविष्टि वैधीकरण के लिए आईसीटी एवं निक्षय टूल्स के उपयोग के संबंध में परिवर्तन प्रबंधन एवं जन स्वास्थ्य कार्रवाई के लिए इसका उपयोग करने में सहायता करना।
7. वारंटी के तहत आने वाले उपकरणों के निवारक रखरखाव में विनिर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं के निष्पादन पर निगरानी रखना और उसकी अनुपालना नहीं करने की स्थिति में उन पर संवैधानिक कार्रवाई करना।
8. उपकरणों के निवारक रखरखाव हेतु एजेंसियों की संविदाओं का समय से नियोजन/नवीनीकरण करने के लिए राज्यों की निगरानी करना।
9. वैधता अवधि की समाप्ति को रोकने के लिए भंडारण के प्रत्येक स्थान पर भंडारों की निगरानी करते हुए जीएमएसडी/राज्यों द्वारा समय से कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करना।
10. पीएसएम के लिए राज्य कार्यक्रम प्रबंधकों/पीएमएल नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षित करना।
11. राज्य/जिला भंडारों का पर्यवेक्षकीय दौरा संचालित करना तथा सीटीडी को उसकी रिपोर्ट देना।
12. कार्यक्रम की आवश्यकता के अनुसार सौंपा गया अन्य कोई कार्य।

अनिवार्य अर्हता/अपेक्षाएं:

1. स्नातकोत्तर तथा किसी ख्याति प्राप्त संस्थान/संगठन से अधिप्राप्ति/लॉजिस्टिक्स/आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव अथवा अधिप्राप्ति लॉजिस्टिक्स प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा अथवा स्वास्थ्य/अस्पताल प्रशासन में डिप्लोमा।
2. कंप्यूटर प्रचालन में सर्टिफिकेट कोर्स (न्यूनतम दो माह)।

अधिमान अर्हता/कौशल:

1. एनटीईपी अथवा स्वास्थ्य क्षेत्र उत्पादों में अनुभव को वरीयता दी जाएगी।
2. अधिप्राप्ति एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में एमबीए (अथवा समकक्ष)।

रिपोर्टिंग अधिकारी:

एडीडीजी-टीबी - तकनीकी अधिकारी (ड्रग्स एवं लॉजिस्टिक्स) के समग्र प्रभारी होंगे।

आयु:
65 वर्ष तक तथा व्यापक रूप से यात्रा करने के लिए तैयार होना चाहिए।

पारिश्रमिक:
पारिश्रमिक सीमा: 90,000/- रु. से 1,30,000/- प्रति माह के बीच।

आवेदन करने के लिएः
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **22-Jul-2020** तक केवल recruitments.ctb@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।